दिनांक 3 अगस्त 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

वाटर हार्वेस्टिंग अपनाने एवं दुर्गुण रहित भिलाई बनाने छात्र-छात्राओं ने लिया संकल्प

भिलाईनगर/ वाटर हार्वेस्टिंग एवं दुर्गुण रहित भिलाई अभियान के तहत् कार्यशाला का आयोजन शकुन्तला विद्यालय रामनगर के सभागार में की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला न्यायालय के फैमली कोर्ट के न्यायाधीश श्री निर्मल मिंज , विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राहुल शर्मा एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी उपस्थित रहे।

नशा मुक्त, खुले में शौच मुक्त , पाॅलीथीन मुक्त, मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम , वाटर हार्वेस्टिंग की महत्ता, कचरा मुक्त, स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई बनाने के लिए दुर्गुण रहित भिलाई अभियान नगर निगम, भिलाई एवं जनसुनवाई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चलाया जा रहा है।

छात्र जीवन राष्ट्र की उन्नति में सहायक है - मिंज

कार्यशाला में उपस्थित न्यायाधीश श्री मिंज ने बच्चों को समाज व राष्ट्र की नींव बताते हुए कहा कि हमारी यूवा पीढ़ी राष्ट्र की धरोहर हैं जिसमें छात्र जीवन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ संतुलित जीवन जीना , नशा मुक्त जीवन जीना, छात्र जीवन का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए ताकि भविष्य में लक्ष्य को प्राप्त करते हुए हर खुशी मिल सके एवं परिवारिक विवाद से मुक्त रहने का तरीका बताया।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!